>

Title: Regarding need to construct a level crossing at Bagaha in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar - Laid

श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो (वाल्मीकिनगर): मैं सरकार का ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय 15वीं लोक सभा में बाल्मीकि नगर लोक सभा में सरकार द्वारा स्वीकृत तीन रेल समपार परियोजना के सम्बन्ध में आकृष्ट कराना चाहता हूं । 15वीं लोक सभा में मेरे द्वारा कई बार बाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत तीन रेल समपार क्रमशः हरिनगर समपार सं0 31, नरकटियागंज समपार सं0 22 और बगहा समपार सं0 50 की मांग की गई थी, जसे सरकार ने स्वीकृत भी कर दिया था । परन्तु स्वीकृत होने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ था । इसके बाद मेरे नेतृत्व में धरना दिया गया । तत्पश्चात् डी0आर0एम0 और आर0एम0 द्वारा शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने की बात कही गई परन्तु माह बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ तब मेरे नेतृत्व में ही चक्का जाम कर ट्रेन का परिचालन कुछ समय के लिए ठप्प कर दिया गया । मेरे साथ खुर्शीद आलम मंत्री बिहार सरकार, विनय बिहारी विधायक, प्रदीप सिंह, पू0 वि0, प्रभात रंजन, पू0वि0 व मुरली मनोहर, कार्यकर्ता पर सरकार द्वारा केस दर्ज कर दिया गया । हम सब अभी बेल पर हैं ।

मैं माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूँ कि सरकार द्वारा दर्ज केस वापस लिया जाए या समाप्त किया जाए और पूर्व में स्वीकृत तीन रेल समपार में दो का ही निर्माण हो चुका है, पर एक समपार सं. 50 बगहा जिसका निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है, उसके निर्माण कार्य करने हेतु संसाधन उपलब्ध कराकर निर्माण अतिशीघ्र प्रारम्भ करायें ।